हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री


11 बस की छत पर रखी साइकिल हाईटेंशन ...





12 वनांचल मैनपुर के दर्जनों गांवों को पक्की सड़क की...






## खबर संक्षेप

### खड़मा में श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ आज से

**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम खड़मा में 10 अप्रैल से 18 अप्रैल तक नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सिन्हा परिवार द्वारा स्वर्गीय पिता समाधिन सिन्हा एवं स्वर्गीय माता श्रीमती गयाबाई सिन्हा की पुण्य स्मृति में किया गया है। आयोजनकर्ता पुत्र घनश्याम



सिन्हा एवं सावित्री सिन्हा ने अपने इष्टदेवों तथा पूज्य माता-पिता के आशीर्वाद से इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कराया है। कार्यक्रम का शुभारंभ 10 अप्रैल को दोपहर 12 बजे कलश शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का प्रारंभ मंगलमय भक्ति प्रसंगों के अंतर्गत परीक्षित जन्म एवं सुकदेव जन्म की कथा से होगा। समारोह के समापन दिवस 18 अप्रैल, शनिवार को गीता पाठ, पूर्णाहुति, महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ के दौरान प्रतिदिन प्रवचन का समय प्रातः 10:30 बजे से 1:30 बजे तक तथा दोपहर 3:00 बजे से 5:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। कथा का वाचन (परायण) पंडित आषुतोष तिवारी द्वारा तथा प्रवचन पंडित पुष्कर प्रसाद तिवारी (लोहरसी वाले) के द्वारा किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।

### नई एसडीएम हितेश्वरी बाघे ने संभाला कार्यभार

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर अनुविभाग में नव पदस्थ एसडीएम सुश्री हितेश्वरी बाघे ने गुरुवार को कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। गरियाबंद कलेक्टर द्वारा 6 अप्रैल को प्रशासकीय कार्य सुविधा के दृष्टिगत हितेश्वरी बाघे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व



गरियाबंद को वर्तमान दायित्वो के साथ -साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैनपुर का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है और मैनपुर में औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण करते ही नवनियुक्त एसडीएम हितेश्वरी बाघे ने तहसीलदार, आरआई, पटवारी एवं राजस्व अमला का बैठक लेकर उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए राजस्व प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र के साथ यहां पहुंचने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो इसके लिए दिशा निर्देश दिया है। उन्होने कहा की क्षेत्र की जनता को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी साथ ही उन्होने आश्वस्त किया है कि क्षेत्र के नागरिक अपनी समस्याओ को लेकर कार्यालय पहुंचते है हर शिकायत का त्वरित और गंभीरता से समाधान किया जायेगा। उन्होने साफ तौर


▶▶| शेष पेज 10 पर


# जिले के 29 तालाबों को नहरों से भरा गया, 15 अप्रैल तक जारी रहेगा जल प्रदाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अप्रैल माह की शुरुआत के साथ ही बढ़ती भीषण गर्मी को देखते हुए जल संसाधन विभाग गरियाबंद द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निस्तारी हेतु जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। ग्रामीणों की मांग और आवश्यकता को देखते हुए विभाग द्वारा 27 फरवरी से ही सिकासार जलाशय से पानी छोड़ा गया है, जिससे क्षेत्र के नदी, एनीकट और तालाबों को पुनर्जीवित किया जा रहा है। कार्यपालन अभियंता एसके बर्मन के मार्गदर्शन में विभाग की मैदानी टीम मुस्तैदी से कार्य कर रही है। अब तक की गई प्रमुख जलापूर्ति इस प्रकार है। सिकासार जलाशय से पैरी नदी के माध्यम से राजिम संगम को भरा गया। सरगी

**भीषण गर्मी में ग्रामीणों को राहत**





नाला एनीकट के माध्यम से नगर पंचायत फिंगेश्वर को पानी उपलब्ध कराया गया। पांडुका अनुभाग के 15 तालाबों और फिंगेश्वर उप संभाग के 14 तालाबों को वितरक शाखा नहरों के जरिए भरा गया है।

**बदला गया जल प्रवाह का मार्ग-** विभागीय जानकारी के अनुसार, 8 अप्रैल से फिंगेश्वर वितरक शाखा का जल प्रवाह बंद कर दिया गया है। अब पैरी दायी तट नहर के माध्यम से राजिम, सुरसाबांधा और श्याम नगर क्षेत्र के तालाबों व जलाशयों को निस्तारी के लिए पानी दिया जा रहा है। इस कार्य में पांडुका, फिंगेश्वर और राजिम के अनुविभागीय अधिकारियों सहित पूरी टीम सक्रिय है। सिकासार जलाशय में पानी की वर्तमान उपलब्धता को देखते हुए विभाग ने निर्णय लिया है कि 15 अप्रैल


▶▶| शेष पेज 10 पर


### समस्या : निस्तारी बोर पर कब्जा होने से रवेली के ग्रामीण दोहरी मार झेलने को मजबूर

# करोड़ों की लागत से निर्मित टंकी पहली सप्लाई में ही रिसने लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा/बेलर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग राजिम के तहत ग्राम पंचायत चैतरा के आश्रित ग्राम रवेली में 'हर घर नल से जल' पहुँचाने का सपना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। करोड़ों की लागत से निर्मित पानी टंकी और पाइपलाइन योजना आज सफेद हाथी साबित हो रही है। विभागीय लापरवाही का आलम यह है कि पहली ही सप्लाई में टंकी छलनी हो गई और जगह-जगह से पानी का रिसाव (सीपेज) शुरू हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती गई है। 'हरिभूमि' की टीम ने जब चैतरा और रवेली का मुआयना किया, तो पाया कि नई बनी टंकी से पानी लगातार टपक रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि जहाँ पानी के शुद्धिकरण के लिए मशीन लगाई जानी थी, वह केवल शो-पीस बनकर पड़ी है। गांव में निर्माण को लेकर भारी आक्रोश है। सरपंच गणेशिया साहू और उपसरपंच मनोज यादव सहित ग्रामीणों ने बताया कि योजना के तहत किया गया बोर 'अनसक्सेस' रहा। इसके बाद विभाग ने गांव के सार्वजनिक निस्तारी बोर पर टंकी की सप्लाई जोड़ दी। अब स्थिति यह है कि टंकी में दरारें आने से सप्लाई बंद है और निस्तारी बोर पर पंप लगने से ग्रामीणों को दैनिक कार्यों (नहाने-धोने) के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है।

**विभाग और मिलीभगत का आरोप**



#### की जा रही है मरम्मत

आशुतोष पाण्डेय ठेकेदार ने स्वीकार किया कि पहली सप्लाई में कुछ खामियां आई हैं। टंकी में लीकेज और सीपेज को सुधारा जा रहा है। शुद्धिकरण मशीन आ गई है, जिसे जल्द लगा दिया जाएगा। एक सप्ताह में सप्लाई सुचारू करने का दावा किया है। तामेश्वरी गोस्वामी सब इंजीनियर, पीएचई राजिम ने कहा की कहा कि रवेली पानी टंकी अभी निर्माणाधीन है। हालांकि, निर्माण की गुणवत्ता और सीपेज के सवाल पर उन्होंने चुप्पी साधे रखी।

#### ग्रामीणों ने दी शिकायत की चेतावनी

ग्रामीण प्रदीप ध्रुव, संतोष ध्रुव, कमल ध्रुव, रमेश, नेतराम, पिलाचंद और महिलाओं में सकुन ध्रुव, शांति ध्रुव व मुन्नी निर्मलकर ने स्पष्ट किया है कि निर्माण के दौरान भी उन्होंने गुणवत्ता सुधारने की चेतावनी दी थी, जिसे अनसुना कर दिया गया। अब ग्रामीणों ने उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# आंबा भर्ती में भ्रष्टाचार के आरोप, 26 विभागों के अधिकारी रहे नदारद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जनपद पंचायत मैनपुर की सामान्य सभा की बैठक मे महिला बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती मे भारी लेन देन के मामले को लेकर जमकर हंगामा हुआ। जनपद सदस्य परमेश्वर जैन एवं डॉ. योगीराज माखन कश्यप ने सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती में भारी भ्रष्टाचार किया गया है जिसकी जॉच होनी चाहिए और तत्काल इस मामले पर कार्यवाही की मांग लेकर जमकर हंगामा होता रहा। वहीं पहली बार जनपद सामान्य सभा की बैठक से मीडिया को भी दूर रखने और मामले को दबाने के लिए बंद कमरे में बैठक करने का आरोप लगाया गया। इस मामले की क्षेत्र में जमकर चर्चा हो रही है साथ ही कार्यकर्ता सहायिका मामला अब निरस्त होने की संभावना है और इस मामले मे निष्पक्ष जॉच होने पर कई चौकाने वाले मामले सामने आने की संभावना है। तहसील मुख्यालय मैनपुर जनपद पंचायत कार्यालय मे बुधवार दोपहर सामान्य सभा की बैठक आयोजित किया गया इस बैठक मे 33 विभाग के अधिकारियों को उपस्थित होना था लेकिन पता चला है कि बैठक मे मात्र 7 विभाग के अधिकारी ही उपस्थित थे जिस पर जनपद सदस्यो ने नराजगी जताई और 26 विभाग के नदारत रहे गैर जिम्मेदार


▶▶| शेष पेज 10 पर


#### जांच कराई जाएगी

जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएस नागवंशी ने बताया कि जनपद की बैठक सामान्य रूप से चला जो भी मामले सामने आये है उसमे जॉच कराई जाएगी।

# अयोध्या रवाना हुए छुरा के श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



जनपद क्षेत्र से आज रामलला तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं का दल भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए हर्षोल्लास के साथ रवाना हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत परिसर में श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। रवाना होने से पूर्व श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस योजना के माध्यम से क्षेत्र के बुजुर्ग एवं जरूरतमंद श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम (रामलला) के दर्शन का अवसर मिल रहा है, जिससे उनमें विशेष उत्साह देखने को मिला। जनपद पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को तीर्थ दर्शन कराना है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। श्रद्धालुओं के परिजनों ने उन्हें तिलक वंदन कर विदाई दी और उनके सुरक्षित वापसी की कामना की।इस अवसर पर मीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, लुकेश्वरी थानसिंह निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा, गरिमा ध्रुव सभापति, कयाराम यादव करारोपणअधिकारी, विकास सोनी, मिथलेश सिंहा, रामाधार यादव, भवानी शंकर सेन, धनेश्वर नाग, शीतल ध्रुव समाजसेवी द्वारा तिलक लगाकर हरिझंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### बम्हनी और नवापारा में मानस सम्मेलन कल से

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा विकास खंड के ग्राम बम्हनी (खड़मा) एवं नवापारा (भैरा) में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से त्रि-दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय भव्य संगीतमय मानसगान सम्मेलन का आयोजन 11 अप्रैल (शनिवार) से 14 अप्रैल 2026 (मंगलवार) तक किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस सम्मेलन का शुभारंभ 11 अप्रैल, शनिवार को दोपहर 12 बजे भव्य कलश शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण निर्मित होगा। सम्मेलन के दौरान प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए मानस मंडलियों द्वारा संगीतमय रामायण पाठ एवं भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर ने बाइक सवार युवक की मौत

**अभनपुर।** नेशनल हाईवे रायपुर रोड छोटे उरला मोड़ के पास सुबह 11 बजे करीब एक अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटरसायकल सवार व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। अभनपुर थाने से मिली जानकारी अनुसार मृतक राजेश यदु उम्र 45 वर्ष उपरपारा अभनपुर निवासी है वह सुबह घर से दूध बेचने के लिए निकला था,वापिस घर आते समय यह दुर्घटना हो गई,बताया गया कि मृतक के परिवार मे उसकी 5 बच्चियां है वह सभी उसी के ऊपर आश्रित थे। मृतक का पंचनामा उपरांत शव को परिजनो को सौप दिया गया है तथा अभनुपर पुलिस अज्ञात वाहन के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना की जा रही है।

### रोहित साहू की अनुशंसा पर फिर 27 लाख रुपए की स्वीकृति

**राजिम।** विधायक रोहित साहू के विशेष प्रयासों के फलस्वरूप क्षेत्र के ग्राम पतोरा,मड़वाडीह,गनियारी, राँवड़, कोसमखुंटा और सेंदर में स्थित विभिन्न छह मंदिरों के जीर्णोद्धार कार्य के लिए कुल 26.95 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस निर्णय से क्षेत्र के ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों में हर्ष व्याप्त है क्योंकि लंबे समय से इन मंदिरों के मरम्मत और सौंदर्यीकरण की



आवश्यकता महसूस की जा रही थी। विधायक रोहित साहू की पहल पर शासन द्वारा जिन गांवों के मंदिरों को जीर्णोद्धार कार्य की स्वीकृति मिली है उनमें ग्राम पतोरा में रामजानकी मंदिर जीर्णोद्धार कार्य हेतु 05 लाख रुपए, ग्राम मड़वाडीह में शाकंभरी मंदिर जीर्णोद्धार कार्य हेतु 4.98 लाख रुपए, ग्राम गनियारी में बजरंग मंदिर जीर्णोद्धार कार्य हेतु 05 लाख रुपए, ग्राम रावंड़ में शिव मंदिर जीर्णोद्धार कार्य के लिए 4.98 लाख रुपए, ग्राम कोसमखूंटा में शिव मंदिर जीर्णोद्धार के लिए 05 लाख रुपए तथा ग्राम सेन्दर में शिव मंदिर जीर्णोद्धार कार्य के लिए 01.99 लाख रुपए की स्वीकृति शामिल है। विधायक रोहित साहू ने इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ये सभी मंदिर हमारी आस्था, संस्कृति और परंपरा के जीवंत केंद्र हैं। लंबे समय से ग्रामीण जन इन मंदिरों के जीर्णोद्धार की मांग कर रहे थे। विकास का अर्थ सड़कों के साथ साथ अपनी जड़ों और अपनी संस्कृति को भी सुरक्षित रखना है। आज मुझे अत्यंत संतोष है कि शासन ने इन कार्यों के लिए बजट को मंजूरी दी है। यह राशि क्षेत्र की खुशहाली और आध्यात्मिक उन्नति के काम आएगी।

# त्रिदिवसीय रामायण स्पर्धा आज

**नवापारा-राजिम।** श्री रामकृष्ण मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से त्रिदिवसीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 12 अप्रैल तक रखा गया है। वहीं सामुदायिक भवन, दशगात्र शेड एवं मुख्यमंत्री गौरवपथ योजना के तहत भूमि पूजन कार्यक्रम 10 अप्रैल को रखा गया है। रामायण मंडली के सचिव पूरन लाल साहू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंद्रकुमार साहू विधायक अभनपुर होंगे। अध्यक्षता चंद्रिका जितेंद्र बंजारे अध्यक्ष जनपद पंचायत अभनपुर करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रकला ध्रुव सभापति जिला पंचायत रायपुर, चित्ररेखा-दीपक तारक सदस्य जनपद पंचायत अभनपुर,सरपंच रमेश वर्मा ,उपसरपंच तारणी साहू ग्राम पंचायत परसदा उपस्थित रहेंगे। तीन दिनों तक चलने वाली रामायण प्रतियोगिता में 27 मानस मंडली की टीम भाग लेंगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रामायण मंडली के



अध्यक्ष आशाराम साहू, रमेश वर्मा, यशवंत वर्मा, दीपक तारक, हेमंत साहू, पूरन साहू, टीकू यादव, सुखेन साहू, भूषण वर्मा, महेन्द्र वर्मा, संतराम बारले, कृष्णा वर्मा, विनोद सेन, गोपाल साहू, मणी राम ध्रुव, रामकुमार हिरवानी, रामखिलावन साहू, राजेश साहू, तिलक साहू, चिंताराम साहू, भारत साहू, उकेश तारक, पप्पू साहू, लोमश साहू, कुमार तारक, ललित साहू, जगदीश साहू, संतोष साहू, धरमचंद महिलांग, रामजी खिलवारे, दशरथ साहू, भुनेश्वर साहू व तीरथ साहू, नरेन्द्र साहू सक्रिय रूप से जुटे हुए है।


WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur





गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
संपर्क
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### तहसील कार्यालय छुरा में भटक रही आम जनता

**छुरा।** तहसील कार्यालय छुरा में कर्मचारी को भी अपने दायित्व पद कार्य से कोई मतलब नहीं। मामला तहसील छुरा का रुपनाथ बंजारे अध्यक्ष उप सरपंच संघ एवं उपाध्यक्ष भाजपा मंडल छुरा ने बताया कि तीन से चार बार आवक



जावक शाखा के कर्मचारी ईश्वर साहू सहायक ग्रेट टू से कुछ जानकारी के लिए जाते हैं पर ड्यूटी समय मे मिलते ही नहीं है। गुरुवार को फिर गए पर नहीं थे। तहसीलदार से पता करने पर पता चला कि तीन दिनों के लिए छुट्टी पर है। अभी वर्तमान में विनीता मेश्राम को प्रभार दिया गया है पर विनीता मेश्राम ही छुट्टी पर हैं। यदि विनीता मेश्राम छुट्टी में है तो उसके बदले कौन प्रभार में है इस प्रकार का भगवान भरोसे मनमर्जी प्रशासन का रवैया चल रहे हैं।

### देशी प्लेन शराब बरामद, एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा के पिथौरा चौक के पास पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति इमली पेड़ के नीचे पिथौरा चौक के पास बागबाहरा में अवैध रूप से देशी प्लेन शराब बिक्री करने के लिए रखा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1600 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### बाइक से शराब परिवहन एक युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** बाइक से शराब का अवैध परिवहन करने वाले एक आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपनी बाइक से अवैध शराब परिवहन करते भंवरपुर से बड़ेसाजापाली रोड की ओर जा रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेही से उसका नाम पता पूछा, जिस पर उसने अपना नाम विकास मोई पिता भक्तचरण मोई (20 साल) रसोड़ा होना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 50 पौवा शेरा देशी प्लेन शराब कीमत 4000 रुपए और बाइक कीमत 10000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### नशा तस्कर को पकड़ा, 4 किलो से अधिक गांजा जब्त

**महासमुंद।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स और सरायपाली पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम केंदूढार के पास नाकाबंदी कर आरोपी दुर्गाप्रसाद वैष्णव को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 4.432 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने गांजे के साथ तस्करी में इस्तेमाल पुरानी मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी जब्त किया है। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 2 लाख 70 हजार रु. आंकी गई है।

# सुहागपुर में भाजपा का बस्ती चलो अभियान, योजनाओं की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारतीय जनता पार्टी मंडल गरियाबंद के अंतर्गत ग्राम सुहागपुर में 'बस्ती चलो अभियान' के तहत व्यापक जनसंपर्क एवं चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से संपर्क किया और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में हितग्राहियों से आत्मीय संवाद किया गया, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान कर उनके योगदान को नमन किया गया तथा समाज के प्रमुखजनों से विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और 'बस्ती चलो अभियान' के माध्यम से कार्यकर्ता सीधे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझ रहे हैं। वही नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने कहा कि भाजपा सरकार गांव, गरीब और किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा इस अभियान के जरिए हितग्राहियों से सीधा संवाद कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति जानने का अवसर मिल रहा है।भाजपा जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं और प्रत्येक कार्यकर्ता को घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

## अभियान, संगठन को मजबूती प्रदान करने का सशक्त माध्यम



मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने कहा बस्ती चलो अभियान संगठन को मजबूती प्रदान करने का सशक्त माध्यम है और सभी कार्यकर्ताओं को पूरे उत्साह व समर्पण के साथ इस अभियान को सफल बनाना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर वरिष्ठ भाजपा नेता अनूप भोसले, जनपद उपाध्यक्ष लेखराम साहू, महामंत्री प्रहलाद सिह ठाकुर, सरपंच रविन्द्र ध्रुव, जिला कार्यालय मंत्री फारुख चौधरी, रोशन पूरी गोस्वामी, मीडिया प्रभारी राधेश्याम सोनवानी, अमित वखारिया, जीवन एस साहू, पार्षद गण रेणुका साहू, मधु देवांगन, पुष्पा साहू, विष्णु मरकाम, खेम बघेल, सूरज सिन्हा, उप सरपंच संजू साहू, सौरभ पांडेय सहित गंजईपूरी, सुहागपुर और कस के भाजपा कार्यकर्ता हितग्राही उपस्थित थे।

## ईसाई या इस्लाम धर्म ग्रहण कर लिया है उन्हें अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं माना जाए

# डि-लिस्टिंग की मांग को लेकर 24 मई को दिल्ली में महारैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



24 मई को दिल्ली में डि-लिस्टिंग की मांग को लेकर आयोजित महारैली की तैयारी के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर प्रांत संयोजक गोरखनाथ बघेल ने कहा कि जनजाति सुरक्षा मंच का मुख्य उद्देश्य भारत की जनजातियों को उनका वास्तविक अधिकार दिलाना है। उन्होंने जानकारी दी कि संयुक्त संसदीय समिति (10 जुलाई 1967) की सिफारिशों के अनुसार, ऐसे व्यक्ति जिन्होंने जनजातीय परंपरा, आस्था एवं विश्वासों का परित्याग कर ईसाई या इस्लाम धर्म ग्रहण कर लिया है। उन्हें अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं माना जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि धर्मांतरण करने वाले व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति सूची से बाहर किया जाना चाहिए। साथ ही सर्व आदिवासी समाज से अपील की गई कि जनजाति सुरक्षा मंच के उद्देश्यों का जोर-शोर से प्रचार-प्रसार करें तथा अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचकर महारैली को सफल बनाएं।साथ ही विकासखंड स्तरीय समिति का गठन किया गया, जिसमें निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया।

संरक्षक मानसिंह दीवान, संयोजक ऋतुराज शाह सह संयोजक आलाराम ठाकुर, सुंदर सिंह ठाकुर, रामजी दीवान

निधि प्रमुख विष्णु नागेश सोशल मीडिया प्रभारी–देवेश ठाकुर महिला प्रमुख केशरी ध्रुव, हेमलता ध्रुव, चित्ररेखा ध्रुव, भगवती दीवान, दुलम ध्रुव सदस्य गण में शीतल ध्रुव, नारायण ठाकुर, देवपाल ध्रुव, टंकेश्वर सोरी, भुवेंद्र मरकाम, श्यामलाल सोरी, गोपी ठाकुर, गुलाब दीवान, ललित नेताम, भोज नागेश, कोमलसिंह ध्रुव, भीखम मरकाम, अशोक ठाकुर, कदम मांझी, बृजलाल ध्रुव, मंथिर ध्रुव, रोहित जगत, कलाराम ध्रुव, राधेश्याम ध्रुवा इस बैठक में जिला संयोजक अमरसिंग कुंजाम, सहसंयोजक थानेश्वर कंवर, जीवन मंडावी एवं अरुण सोम की गरिमामयी उपस्थिति रही। जनजातीय अधिकारों की रक्षा के लिए सर्व आदिवासी समाज के सभी कार्यकर्ता पूर्ण समर्पण के साथ आगामी महारैली को सफल बनाने के लिए संकल्पित हैं।

# कलेक्टर ने कुण्डेलभाठा संग्रहण केंद्र में धान उठाव का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

गरियाबंद कलेक्टर गुरुवार को धान संग्रहण केन्द्र कुण्डेलभाठा पहुंचे। उन्होंने यहां खरीफ सीजन में खरीदे गए 1678752.06 मिली टन धान के उठाव की स्थिति पर विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान का उठाव तेजी से कराएं। ताकि भण्डारण में किसी प्रकार की समस्या न आए। उठाव की एंट्री समय पर दर्ज करने, अधिक श्रमिक लगाने और संग्रहण केंद्र को सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आकस्मिक बारिश से निपटने के लिए नये केप कव्हर की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि धान को बारिश से बचाने के लिए नयें केप कव्हर लगाया है। इसके अलावा शासन द्वारा नये केप कव्हर भी उपलब्ध कराया गया। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सिर्रीकला पहुंचकर राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान राजस्व पखवाड़ा में प्राप्त आवेदनों की जानकारी लेते हुए निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व पखवाड़ा लगाने के पूर्व गांव में अच्छे से मुनादी कराएं ताकि अधिक से अधिक लोग आकर अपने राजस्व संबंधि कार्यो का निराकरण करा सके। कलेक्टर ने ग्रामीणों से रबी सीजन में दलहन, तिलहन और गेहूं जैसी फसलों को लगाने की सलाह दी। उन्होंने गॉवों में बिजली, पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। एसडीएम राजिम श्री विशाल महाराणा, डीएमसी श्री शिवेश शुक्ला, डीएम ओ गुलाब कोठारी, केन्द्र प्रभारी जगमोहन साहू,जन सम्पर्क अधिकारी सिधार उपस्थित थे।

# अवैध उत्खनन व परिवहन जारी उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

इन दिनों फिंगेश्वर अंचल में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन का मामला गंभीर रूप लेता जा रहा है। क्षेत्र में रेत, मुरूम और फर्शी पत्थर एवं बिना रायल्अी के ईट जैसे खनिजों का मनमाने ढंग से उत्खनन किया जा रहा है और मुख्य मागोंर् से दिन–रात 24 घंटे बिना किसी भय के खुलेआम परिवहन जारी है।हालात ऐसे हैं कि यह पूरा अवैध कारोबार प्र शा स नि क व्यवस्था को चुनौती देता नजर आ रहा है।



ग्रामीणों का कहना है कि अवैध उत्खनन और परिवहन से जुड़े इस धंधे में भारी आर्थिक लाभ होने के कारण माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।यही वजह है कि कई शासकीय कार्यालयों और थानों के सामने से भी बेधड़क खनिजों का परिवहन किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। इसी मुद्दे को लेकर फिंगेश्वर जनपद पंचायत अध्यक्ष इन्द्राणी साहू एवं उपाध्यक्ष सतीश यादव ने जनपद परिसर में जनपद सदस्यों के साथ चर्चा की। उन्होंने बताया कि सभी सदस्यों के साथ मिलकर एसडीएम राजिम, जिला कलेक्टर गरियाबंद एवं खनिज विभाग के अधिकारियों से अवैध उत्खनन पर सख्त कार्रवाई की मांग करने का निर्णय लिया गया है।



अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सात दिनों के भीतर फिंगेश्वर विकासखंड में अवैध उत्खनन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो जनपद के सभी सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण मिलकर सड़कों पर उतरेंगे और उग्र आंदोलन तथा धरना–प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान जनपद परिसर में अध्यक्ष,उपाध्यक्ष सहित कई जनपद सदस्य मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग का समर्थन किया।

# शहर ही नहीं गांवों में भी नहीं पहुंच रहा है स्वच्छ पेयजल

**फिंगेश्वर।** पूरे प्रदेश में पेयजल की समस्या को लेकर सवाल उठाते हुए पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल ने कहा है कि भाजपा की सरकार की अकर्मण्यता के चलते गर्मी शुरू होते ही लोग पेयजल के लिए भटकने मजबूर हैं, टैंकर मुक्त करने का दावा झूठा साबित हुआ, कई मोहल्लों में सुबह से शाम टैंकरों के इंतजार में ही बीतने लगा है।



सभी घरों में पीने के साफ पानी पहुंचाने की योजना को 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल में जल जीवन मिशन का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका था,लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद से दुर्भावना पूर्वक काम रोक दिया गया।अपने चहेतों को काम देने के लिए पूर्व में अप्रूव अनेकों निविदाएं निरस्त कर दिए, कई जिलों में काम पूरी तरह से बंद है और अब योजना का लक्ष्य बढ़ाकर 2028 तक कर दिया गया है। अब एक बार फिर भाजपा के डबल और ट्रिपल इंजन सरकार में टैंकरों के भरोसे लोग पेयजल के लिए आश्रित होने मजबूर हैं। पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल ने कहा है कि पिछले सवा दो साल की सरकार के दौरान यदि ईमानदारी से काम किया गया होता तो यह परिस्थिति आज नहीं होती, हर घर तक स्वच्छ पेयजल आसानी से पहुंच रहा होता। इनकी मंशा टैंकरों में कमीशनखोरी की है न कि जनता को स्थाई राहत देने की। अनेकों ऐसे मामले उजागर हुए हैं जिनमें बिना जल स्त्रोत की उपलब्धता के केवल पानी की टंकी बनाकर पाइपलाइन बिछा दी गई है। करोड़ों का खर्च होने के बाद भी इसका लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है।भाजपा सरकार के फोकस में केवल कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार है।

# ग्राम चरौदा और छुईहा में बूथ कमेटियों का गठन, कार्यकर्ताओं ने फूंका चुनावी बिगुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाया जा रहा 'मिशन गांव चलो' अभियान लगातार जमीनी स्तर पर सक्रिय रूप से जारी है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने 2023 विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरुआत की है। पार्टी का लक्ष्य 2028 विधानसभा चुनाव से पहले बूथ, मंडल और सेक्टर स्तर पर नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना और संगठनात्मक ढांचे को पुनर्गठित करना है। इसी कड़ी में बुधवार को जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के निर्देश पर ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू के मार्गदर्शन में महिला ब्लॉक अध्यक्ष हेमलता सिन्हा एवं मंडल प्रभारी भुनेश्वरी बंजारे के नेतृत्व में बेलर मंडल के बोडकी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत चरौदा, छुईहा और जमाही में बूथ कमेटी एवं पंचायत कांग्रेस कमेटियों का गठन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ग्राम चरौदा में कार्यकर्ताओं की चौपाल भी आयोजित की गई, गठन के अलावा जहां स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की गई। कांग्रेस कार्यकर्ता खोरबाहरा सिन्हा ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर गांव में दस्तक देना, हर बूथ पर कार्यकर्ता तैयार करना, गांवों में रुककर चौपाल लगाना और लोगों की समस्याओं को सुनना ही इस अभियान का मुख्य लक्ष्य है। इस दौरान कांग्रेस नेता खोरबाहरा राम सिन्हा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने धान खरीदी, बेरोजगारी, महंगाई, कानून-व्यवस्था, गांवों में अवैध शराब बिक्री और सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर सरकार की आलोचना की। कांग्रेस ने 'डबल इंजन सरकार' पर वादे पूरे न करने का आरोप लगाया और केंद्रीय एजेंसियों जैसे ईडी और आईटी की कार्रवाई को राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित बताया।पूर्व कांग्रेस सरकार की योजनाओं-किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, बेरोजगारी भत्ता और बिजली बिल हाफ—को भी जनता के बीच पुनः पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम में महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमलता सिन्हा, मंडल प्रभारी भुवनेश्वरी बंजारे, जिला महामंत्री चेतन सिन्हा, मंडल अध्यक्ष शेखर साहू नेतराम सिन्हा,वीरनारायण सिन्हा,परदेशी राम सिन्हा सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी भी देखने को मिली, जिससे अभियान को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# मैनपुर में धूमधाम से मनाई जाएगी बाबा साहब की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में गुरूवार को शाम 5 बजे सर्व समाज की बैठक आयोजित किया गया जिसमें भारतीय बौद्ध महासभा, आदिवासी विकास परिषद एवं नगर के सभी वर्ग के लोग बड़ी संख्या मे शामिल हुए। जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम की अध्यक्षा में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 14 अप्रैल को संविधान निर्माण बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मैनपुर नगर मे धुमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। अंबेडकर चौक मे भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान फल वितरण एवं विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी तथा बाबा साहब अंबेडकर की संविधान पुस्तक का भी वितरण किया जायेगा और अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, भोला जगत, शिव त्रिपुणे, खिलेन्द्र कुटारे, रजनीश रामटेके, नजीब बेग, जाकिर रजा, ललित डाहटे, जनपद सदस्य प्रताप मरकाम, नीरज चोखांडे, आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम, मोनू रामटेके, अजय, बलिराम ठाकुर सहित बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र के सर्व समाज के लोग उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष...

### जिले के 29 तालाबों...

को जल प्रदाय पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा। जल संसाधन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि पानी का सीमित और सही उपयोग करें, इसे व्यर्थ न बहाएं। नहरों के जल प्रवाह में किसी भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न करें। जलापूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या के लिए तत्काल विभागीय कर्मचारी या अधिकारियों से संपर्क करें। इस पहल से भीषण गर्मी के दौर में मवेशियों और ग्रामीणों को निस्तारी के लिए बड़ी राहत मिली है।

### आंबा भर्ती में...

स्थानीय अनुपस्थित अधिकारियो पर कार्यवाही की मांग किया गया है।

**जनपद सदस्यों ने खोला मोर्चा नियुक्ति निरस्त करने कलेक्टर से मांग-** जनपद क्षेत्र क्रमांक 17 के सदस्य योगीराज माखन कश्यप एवं युवा जनपद सदस्य परमेश्वर जैन ने अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सख्त ऐतराज जताया। उन्होंने सीधे कलेक्टर से मांग करते हुए गैर जिम्मेदार अधिकारियों को कारण बताओ लिखित नोटिस जारी करने की मांग की। माखन कश्यप ने बताया कि पिछले महीने भी सामान्य सभा की बैठक मे कई अधिकारी नही पहुंचे जिसकी भी शिकायत किया गया था इसके बावजूद इस बार भी अधिकारी नदारद रहे। वहीं, जनपद क्षेत्र क्रमांक 11 के सदस्य परमेश्वर जैन ने भी इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका नियुक्ति मे भारी लेन देन हुआ है और इस मामले की निष्पक्ष जॉच करने पर कई चौकाने वाले तथ्य सामने आयेंगे।

### नई एसडीएम हितेश्वरी...

पर कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना लोगों को राजस्व प्रकरणों के लिए भटकना न पड़े। शासन प्रशासन की योजनाओं का शत्प्रतिशत क्रियान्वयन उनका प्रमुख लक्ष्य होगा। उन्होने स्थानीय संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि कार्य मे लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। मैनपुर में नए एसडीएम से क्षेत्रवासियों को भी बेहतर प्रशासन एवं समय पर समस्याओ का समाधान की उम्मीद जगी है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष और सीईओ ने देवभोग में परखा विकास कार्यों का दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर द्वारा विकासखंड देवभोग अंतर्गत विभिन्न विकास कायोंर् का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं समय-सीमा का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इसी क्रम में कस्तूरबा गांधी आश्रम, देवभोग का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आश्रम में संचालित शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। छात्रओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, भोजन व्यवस्था, स्वच्छता एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने आश्रम की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए तथा संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर क"यप एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर ने कई विकास कार्यो का पैदल जायजा लिया साथ ही निर्माण कार्यो मे पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा पर कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने शासन प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे योजनाओ के बारे मे ग्रामीणो को बताया और ज्यादा से ज्यादा योजनाओ की लाभ लेने की अपील किया। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



## गफ्फू मेमन ने सीएम साय से की मुलाकात

**गरियाबंद।** राजधानी दिल्ली प्रवास के दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने छत्तीसगढ़ सदन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच प्रदेश एंव क्षेत्र के विकास, संगठन की मजबूती और स्थानीय मुद्दों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। गफ्फू मेमन ने मुख्यमंत्री साय को अपने क्षेत्र की समस्याओं और जन अपेक्षाओं से अवगत कराया, और उन्हें गरियाबंद आने का न्योता दिया।

## शिक्षक खोमन को मिलेगा डॉ. भीमराव सम्मान रत्न अवार्ड

**छुईहा बेलर।** शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षक खोमन गुरुजी का चयन



प्रतिष्ठित डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान रत्न अवार्ड के लिए किया गया है। यह सम्मान एकलव्य शिक्षा एवं सेवा न्यास, आजमगढ़ उत्तर प्रदेश द्वारा ब्रिजलोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी आगरा उत्तर प्रदेश (पंजीकृत) के तत्वावधान में प्रदान किया जाएगा। खोमन गुरुजी ने शिक्षा व समाज के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करते हुए विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके समर्पण, सेवा भावना एवं समाज के प्रति सकारात्मक योगदान को ध्यान में रखते हुए यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है।

## नौकरी दिलाने का झांसा फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में दर्ज नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2.34 करोड़ रुपए ठगी करने के मास्टर माइंड को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। ठगी के आरोप में पुलिस ने नई दिल्ली द्वारिका से सुनील प्रताप को गिरफ्तार किया है। सुनील ने गिरोह बनाकर पोस्ट ऑफिस में नौकरी दिलाने का झांसा देने के साथ एमबीबीएस तथा बीएमएस की फर्जी डिग्री बेची है। सुनील के लोकल साथी भुनेश्वर बंजारे, नरेश मनहर, हीरा दिवाकर, राकेश रात्रे, दिल्ली निवासी साक्षी सिंह और अंकित तिवारी को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है।

## बारिश की गतिविधि में आज से कमी

**रायपुर।** पिछले आठ दिनों से राज्य में चल रही बादल-बारिश की गतिविधि में गुरुवार से विराम लगने की संभावना है। इसके बाद गर्मी में तेजी दिखेगी, हालांकि उत्तरी इलाके में गर्मी का प्रभाव बढ़ने में थोड़ा वक्त लगने के आसार हैं। इस बात का अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले दो-तीन दिन में राज्य का अधिकतम पारा 40 डिग्री से ऊपर हो जाएगा। अप्रैल का पहला सप्ताह कम गर्मी के साथ गुजर गया है, मगर अब राज्य में गर्मी का प्रभाव बढ़ने की संभावना है। राज्य के मौसम को प्रभावित करने वाली तंत्रिका अब आगे बढ़ चुकी है, जिसकी वजह नीचे उतरा पारा पुनः ऊपर की ओर चढ़ने की संभावना बन रही है। बुधवार में राजधानी के मौसम का मिला-जुला असर नजर आया। धूप-छांव के इस खेल के बीच अधिकतम तापमान 38 डिग्री तक पहुंचा, जो राजनांदगांव के सर्वाधिक तापमान से दशमलव चार डिग्री कम था।

# अप्रैल की शुरुआत में ही तेज गर्मी, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की हीट स्ट्रोक एडवायजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल में इस बार अप्रैल के शुरुआती दिनों से ही गर्मी का असर दिखने लगा है। अप्रैल महीने के पहले हफ्ते में जहां तापमान लगभग 35 से 37 डिग्री के आसपास था, वहीं अब यह बढ़कर 9 अप्रैल को 39 डिग्री तक पहुंच गया है। तापमान में अचानक हुई इस बढ़ोतरी के कारण लोगों को समय से पहले ही तेज गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण आम लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित होने लगी है। अमूमन मार्च के महीने में पहले हल्की ठंड बनी रहती थी, खासकर सुब्बा के समय मौसम सुहावना और ठंडा रहता था।

### रसेला में गर्मी का प्रचंड रूप, पारा 39 डिग्री के पार



**स्वास्थ्य केंद्र को अलर्ट किया गया : डॉ. नेताम**

इधर अंचल में बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला प्रभारी डॉ. राहुल नेताम ने हीट स्ट्रोक (लू) से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है, विभाग ने लोगों से दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की अपील की है। जारी निर्देशों के अनुसार तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण शरीर का तापमान तेजी से बढ़ सकता है, जिससे हीट स्ट्रोक की स्थिति बन जाती है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार होट स्ट्रोक लक्षणों में तेज बुखार, सिर दर्द, चक्कर आना, उल्टी, कमजोरी और बेहोशी शामिल हैं। ऐसी स्थिति होने पर तुरंत मरीज को छायादार स्थान पर ले जाकर ठंडा पानी पिलाने और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराने की सलाह दी गई स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बुजुर्ग, बच्चे, गर्भवती महिलाएं और लंबे समय तक धूप में काम करने वाले लोग हीट स्ट्रोक के अधिक खतरे में रहते हैं।

लेकिन इस बार गौसम ने जल्दी वृद्धि होने के कारण लोगों को अभी से तेज धूप और गर्मी की तपन करवट ले ली है।

**कार्यकर्ता लोगों को हीट स्ट्रोक से बचाव की जानकारी दें-** इसके अलावा प्रशासन ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए मितानिन और अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भी निर्देशित किया है कि वे लोगों को हीट स्ट्रोक के लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दें। ग्रामीण क्षेत्रों में महुआ संकलन के लिए जंगल जाने वाले लोगों को पर्याप्त पानी और पेय पदार्थ साथ रखने की सलाह दी गई है, ताकि वे निर्जलीकरण से बच सकें।

### हादसा : मैनपुर बस स्टैंड में बड़ा हादसा टला, यात्रियों को बस से सुरक्षित उतारा

# बस की छत पर रखी साइकिल हाईटेंशन तार में उलझी, 60 यात्रियों की अटकी सांसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के बस स्टैंड में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गई और एक बड़ी दुर्घटना टली जब स्लीपर कोच यात्री बस के ऊपर रखे साइकिल हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया और बस के ऊपर रखे साइकिल में फंसने से तार टूट गया यह तो गनिमत रहा कि बिजली के अर्थिंग ही बस में फंसकर टूटा नहीं तो एक बड़ी दुर्घटना में बदल सकती थी। मैनपुर नगर से चौका देने वाली यह खबर और फोटो सोशल मीडिया में वायरल होते ही बस स्टैंड में भारी भीड़ लग गई थाना प्रभारी मैनपुर शिवशंकर हुर्रा तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों को बुलाकर अस्थाई रूप से बिजली के तार को ऊंचा कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार घटना दोपहर करीब 3:30 बजे की है। देवभोग से यात्रियों को लेकर मैनपुर आ रही मां शारदा ट्रेवल्स यात्री बस (वाहन क्रमांक सीजी 23 एल 8800) जैसे ही बस स्टैंड पर पहुंची, बस की छत पर रखी एक साइकिल (लगेज)



**तार को ऊंचा किया जाएगा**

बिजली विभाग मैनपुर के अधिकारी संजीव बंजारे ने बताया की बस स्टैंड बिजली के तार में जब बस उलझी उस दौरान करंट प्रवाह नहीं हो रहा था। गली बत्ती कनेक्शन होने के कारण इसे शाम को चालू करते है। उन्होने कहा की दो नये बड़े खंभा लगाकर तार को ऊंचा किया जायेगा।

**लंबे समय से लटक रहे बिजली के तार की सुधार की मांग**

ज्ञात हो कि मैनपुर बस स्टैंड के बीचो बीच बिजली के तार गुजरी है जिसमे लोगो के घरो मे बिजली का कनेक्शन दिया गया है साथ ही स्ट्रीट लाईट कनेक्शन भी इसी मे जुड़ा हुआ है और यह तार काफी पुराना होने के कारण नीचे लटक रहा था जिसकी शिकायत कई बार नगर के लोगो द्वारा पूर्व मे किया जा चुका था और तार की व्यवस्था को सुधारने की मांग कर चुके थे लेकिन इस ओर गंभीरता से ध्यान नही देने के कारण ऐसे ही चल रहा था आज इस लटकते बिजली के तार मे बड़ी दुर्घटनाएं होते होते टली।

सीधे ऊपर से गुजर रहे बिजली के हाईटेंशन विद्युत प्रवाहित तारों में जा उलझी। यह तार पास के ही खंभे से उपभोक्ताओं को सप्लाई देने के लिए खींचा गया था। तब बस में लगभग 50 से 60 यात्री सवार थे जैसे ही यात्री बस बिजली तार से फसी बस में सवार यात्रियों की सांसे अटक गई और बस स्टैंड में दहशत देखने को मिला मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा मौके पर पहुंचकर यात्रियों को सुरक्षित बस से नीचे उतारे और लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिली। खौफनाक मंजर के बीच एक राहत की खबर यह रही कि मौके पर पुलिस के जवान पूरी मुस्तैदी से तैनात थे। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभाला और यात्रियों को पैनिक न करने की हिदायत दी। वहीं, घटना की भनक लगते ही बिजली विभाग को तुरंत खबर की गई। बिजली विभाग ने भी बिना एक पल की देरी किए त्वरित कार्रवाई की और बिजली सप्लाई को नियंत्रित किया। पुलिस प्रशासन और बिजली विभाग के इस तेज एक्शन के चलते एक बहुत बड़ा हादसा टल गया और सभी यात्रियों को सरक्षित निकाल लिया गया।

# भाजपा राजनीति नहीं, राष्ट्र सेवा का माध्यम है : पारस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राम चलो अभियान के तहत भाजपा मंडल मलेवाअचल में जनसंपर्क एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत ग्राम सेम्हरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर पुजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सहसमान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि पारस ठाकुर जिला प्रवक्ता एवं मंडल प्रभारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट सेवा का सशक्त माध्यम है। ग्राम चलो अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का समर्पण और निरंतर जनसंपर्क ही संगठन को सबसे बड़ी ताकत है। मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों के बारे जानकारी दी। महामंत्री और जनपद सदस्य नारायण सिन्हा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। ग्रामीणों ने इस अवसर पर अपनी समस्याएं और सुझाव भी साझा किए। सिन्हा ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य गांव- गांव तक पहुंचकर जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करना और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। इस जनसंपर्क अभियान में क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता रोहित जगत, कुशल ध्रुव, भुवेन्द्र मरकाम, सुरेन्द्र ठाकुर, मानकु राम यादव, ललिता कंवर सरपंच, हेमलता ध्रुव, भुनेश्वर साहू बूथ अध्यक्ष, महेंद्र साहू, परमेश्वर साहू, पुनीत राम, बाबूलाल साहू, निरंजन, नरेन्द्र चन्द्राकार, कवि मरकाम सहित स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# ग्राम छांटा में कलश यात्रा के साथ रामायण प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

छांटा में त्रिदिवसीय रामायण प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरूवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्तियां शामिल हुई। सर्वप्रथम शीतला मंदिर में पूजा पाठ किया गया। उसके बाद कार्यक्रम स्थल में ग्राम के वरिष्ठ मेहतरु साहू, सरपंच सविता-ऐसकुमार साहू, पूर्व सरपंच गोपाल साहू, गुलाब साहू, कमलनारायण साहू, भावेश दिवाकर, उप सरपंच पूजा-लक्ष्मण ध्रुव सभी ग्राम पंचायत के पंचगण समस्त ग्रामवासियों ने दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर रामायण





समिति के राजकुमार साहू, वासुदेव साहू, जिनेंद्र साहू, लालजी साहू, रूपनारायण साहू, तीजऊ साहू, राम साहू, शंकर साहू, दशरथ साहू, गिरधारी साहू, कोमल साहू, जीवन साहू, डीहु साहू, अशोक साहू, कृष्णा साहू, राकेश साहू, डोमन साहू शामिल थे।

# विधायक ने किया टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमावायरस वैक्सीन का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विधायक इंद्रकुमार साहू के विशेष निर्देश पर किया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू,जीवन दीप समिति के सदस्य डॉ लीलाराम साहू, व स्थानीय जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे। एचपीवी वैक्सीन एक सुरक्षा कवच टीकाकरण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कार्यक्रम सुपरवाइजर एल पी तारक,मीरा मन्ना व शिव साहू ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए एचपीवी वैक्सीन एक सुरक्षा कवच की तरह है। वहीं प्रभारी चिकित्सा



अधिकारी डॉ. तेजेन्द्र साहू ने तकनीकी जानकारी साझा करते हुए स्पष्ट किया कि यह वैक्सीन मुख्य रूप से उन किशोरियों के लिए है जिन्होंने अपना 14वां वर्ष पूर्ण कर लिया है परंतु अभी 15 वें वर्ष में प्रवेश नहीं किया है। बताया कि कुल जनसंख्या के लगभग एक प्रतिशत लक्षित समूह की बालिकाओं को इस टीकाकरण दायरे में लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डॉ. साहू ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि भारत में महिलाओं में स्तन कैंसर के बाद सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे बड़ा खतरा है, जिससे समय रहते टीकाकरण के माध्यम से पूरी तरह बचा जा सकता है। अधिकारियों ने आम जनमानस को आश्वस्त किया कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और इसके कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं हैं।

# कांग्रेस का युवाओं ने थामा हाथ, संगठन को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

मिशन गांव चलो अभियान के तहत ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू के द्वारा फिंगेश्वर मंडल के बूथ क्रमांक 67 में बुथ एवं वार्ड कमेटी गठन प्रक्रिया हेतु महत्वपूर्ण बैठक ली गई। इस बैठक में बूथ कमेटी व वार्ड कमेटी गठन किया गया और आगामी कार्य योजना को लेकर चर्चा की गई। इसी कड़ी में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कक्का भूपेश बघेल जी एवं पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल जी एवं कांग्रेस पार्टी रीति–निति से प्रभावित होकर फिंगेश्वर के युवा कार्यकर्ता दुष्यंत निषाद, मोहन यादव, सुरेश निषाद ने ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी



का सदस्यता ग्रहण किया। रूपेश साहू ने कहा की छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी मिशन गांव चलो अभियान के तहत संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना है। सभी एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और गांव-गांव तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने का संकल्प लें मिशन गांव चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करना नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना और आगामी चुनाव के लिए मजबूत आधार तैयार करना है।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त बूथ प्रभारी अनिल चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर फिंगेश्वर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, मंडल प्रभारी डॉ. राजेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष तेजेश यदु, वार्ड प्रभारी अनिल चंद्राकर, जिला मीडिया प्रभारी टिकेश साहू, डोंगर सिंग मरकाम, भुनेश्वर यादव, जीवराखन निषाद, कुंजलाल, तेजसिंग कॉमडी, ब्रजवासी, मंथिर साहू, संजय साहू, लेख राम साहू, राजाराम निषाद, फिरंता यादव, बिरझू साहू, कुमार साहू, भूमि यादव, मोहन निषाद, सत्यमन चक्रधारी, घनश्याम ध्रुव, बिनोद यादव, खिलावन यादव, तेजेश्वर महाडिक, अशोक यादव, महेश निषाद, अड़बंका चक्रधारी, मुरली चक्रधारी, भीषम निषाद, सागर निषाद सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फिंगेश्वर सोसायटी में समर्थन मूल्य पर दलहन, तिलहन की खरीदी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर तहसील के अंतर्गत प्रधानमंत्री आशा योजना के अंतर्गत दलहन, तिलहन फसल की समर्थन मूल्य पर फिंगेश्वर में 9 अप्रैल गुरूवार को खरीदी की गई, जिसका शुभारंभ संस्था के प्राधिकृत अधिकारी अश्वनी विश्वकर्मा के द्वारा किया गया। श्री विश्वकर्मा ने इस संबंध में प्रदेश सरकार की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए किसानों के हित में निर्णय लेने वाली सरकार बताया है। इस योजना के अंतर्गत सरसों, चना और मसूर की खरीदी की जाएगी। आज विभिन्न किसानों से समिति के प्रांगण



में ढाई क्विंटल सरसों की खरीदी की गई। सरसों का समर्थन मूल्य 6200, मसूर 7000 एवं चना 5875 रुपए निर्धारित है। दलहन तिलहन के अंतर्गत किसानों से सरसों,चना और मसूर खरीदी किया जाना है। फिंगेश्वर संस्था में आज कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी केआर वर्मा अधिकारी नोडल अधिकारी तरुण साहू कृषि विकास अधिकारी नरेन्द्र कश्यप ग्रामीण विस्तार अधिकारी कुमारी मनोज साहू, समिति प्रबंधक सहकारिता विस्तार अधिकारी मोहित गड़तिया, मण्डल अध्यक्ष मंजू हरित, दूजलाल बंजारे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरिशंकर सुमेर सहित सभी कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

# डोंगीतराई में जिला स्तरीय मानस गान प्रतियोगिता

**नवापारा-राजिम।** ग्राम डोंगीतराई में त्रिदिवसीय जिलास्तरीय श्री रामचरित मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन जय मां शारदा जस एवं मानस मंडली एवं समस्त ग्राम वासियों व मां कौशल्या जिला मानस संघ के विशेष सहयोग से किया गया है। आयोजक समिति के ओमप्रकाश निर्मलकर ने बताया कि 10 अप्रैल से 12 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात्रि 10 तक प्रत्येक दिवस 9 मंडलियां द्वारा मनोहारी प्रस्तुति दी जाएगी। प्रथम दिवस रामकृष्ण मानस मंडली छटेरा, प्रज्ञा महिला मानस मंडली रावाभाटा, जय बजरंग मानस मंडली कण्हेरा, मारुति महिला मानस मंडली बाना रायपुर, मंगला महिला मानस मंडली परसकोल, सरस्वती महिला मानस मंडली खोरपा, झन भूलो मां बाप मानस मंडली कोटनी, सियाराम मानस मंडली कोलियरी एवं तुलसी मानस मंडली तर्री की प्रस्तुति होगी, वहीं द्वितीय दिवस श्री मारुति मानस मंडली मठपुरैना रायपुर, महतारी के कोरा मानस मंडली पचेड़ा, जय सरस्वती मानस मंडली डुंडा, जय बजरंग मानस मंडली तिल्दाडीह, जय गंगा मैया मानस मंडली रायपुर, त्रिवेणी मानस मंडली मुहरेंगा, जय मां अन्नपूर्णा मानस मंडली कुम्हारी, जय बजरंग मानस मंडली जारौद एवं मामा भांजा मानस मंडली टोर की प्रस्तुति होगी। तृतीय दिवस सुर सिंगार मानस मंडली गाटापार, अमर ज्योति मानस मंडली रवेली, जय मां सरस्वती मानस मंडली कोकड़ी, जय जगत आजाद मानस मंडली आलेखूंटा, सरस्वती महिला मानस मंडली लखना, रामबन मानस मंडली भलेरा, जय सरस्वती महिला मानस मंडली गुजरा, जय खलारी माई मानस मंडली सारखी एवं मां संतोषी महिला मानस मंडली सिलतरा अपनी प्रस्तुति देगी !इस भव्य मानस गान प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।



## खबर संक्षेप

### बिहान मिशन के तहत डंगनिया में आजीविका सेवा केंद्र प्रारंभ

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत ग्राम डंगनिया में आजीविका सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अभनपुर के सभापति ब्रह्मानंद साहू ने श्रीफल तोड़कर केंद्र का उद्घाटन किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच रोशनी साहू ने की। इस अवसर पर ब्रह्मानंद साहू ने बताया कि इस केंद्र में किसानों और ग्रामीणों को किफायती दर पर बीज, खाद, कीटनाशक, सब्जी-फल के बीज, ड्रोन सेवा, पशु वैक्सीनेशन, कृत्रिम गर्भाधान, मुर्गी व मछली पालन से जुड़ी सामग्री उपलब्ध होगी। साथ ही भविष्य में मसाला, धान एवं तिलहन प्रसंस्करण की सुविधाएं भी प्रारंभ की जाएंगी। उन्होंने महिलाओं को केंद्र से जुड़कर लाभ लेने और अपनी आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान सचिव शंभु साहू द्वारा ग्राम पंचायत में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की मांग भी रखी गई। इस दौरान क्लस्टर अध्यक्ष धनेश्वरी साहू, सचिव चंद्रिका साहू, निलेश बघेल, आजीविका जिला अधिकारी श्री सुमित, ब्लॉक अधिकारी राकेश बघेल, सोहद्रा ध्रुव, जितेंद्र साहु , पटवारी गोस्वामी जी,मोहिनी साहू, रामेश्वरी साहू, विनीता साहू, शिव कुमारी साहू, योगेश्वरी चंद्राकर, छोटू साहू, अमरिका जांगड़े, अर्चना साहू, पूर्णिमा ध्रुव, निर्मला यदु, भगवती साहू, कृति पाटकर, जमुना सूर्यवंशी एवं उन्नति महिला क्लस्टर संगठन से जुड़ी कृषि सखी, उद्योग सखी, पशु सखी एवं महिला ग्राम संगठन पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

### भीषण गर्मी के बीच अघोषित कटौती से ग्रामीण बेहाल आंदोलन की चेतावनी

**कोपरा।** एक और जहां भीषण गर्मी से लोग लड़ रहे हैं और जैसे तैसे कर दिन को काट रहे हैं रात होते ही बिजली की आंख मिचोली शुरू हो जाती है जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं। बता दे कि क्षेत्र के रवेली सहसपुर लोहरसी सहित आसपास के ग्रामों में बिजली विभाग की मनमानी देखने मिल रही है जहां सभी भोजन प्राप्त कर रात्रि आराम के लिए सो तो रहे हैं लेकिन बिजली विभाग की मनमानी उसे सोने नहीं दे रही है लिहाजा रात में छोटे बच्चे और बड़े बुजुर्ग वृद्ध महिला और बीमार व्यक्ति लाइट बंद हो जाने से काफी परेशान हो रहे हैं। रात में बार-बार लाइन बंद होना लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गए हैं लगातार इन दोनों विभाग बिजली की कटौती कर रही है खासे से नाराज और परेशान है घनश्याम पटेल, रोशन साहू, नरशु ध्रुव, घना साहू, लक्ष्मी नारायण कश्यप, लोमस ध्रुव, लोमस साहू, सहित ग्रामीण बिजली विभाग से अपील किया है कि बिजली की कटौती न करें लोगों को परेशानी में ना अन्यथा हमें मजबूर होकर उग्र आंदोलन करनी पड़ेगी जिसकी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।

### खेत में लगे दो बोर मोटर पंप को पहुंचाई क्षति

**बिरकोनी।** खेत में लगे ट्यूबवेल को क्षति पहुंचाने के मामले में किसान ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम बिरकोनी निवासी घनश्याम साहू पिता बलदाऊ साहू ने सिटी कोतवाली पुलिस को चंडी मंदिर के पीछे झिलमिली खार में 10 एकड़ कृषि भूमि है। जिसमें धान की बोआई की है। जिसकी सिंचाई के लिए दो ट्यूबवेल में पांच-पांच एचपी का मोटर लगाया गया था। 8 अप्रैल का रात किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उक्त दोनों ट्यूबवेल को आपसी रंजिशवश काटकर गिरा दिया गया।

## निधन

### हीरा बाई साहू

**राजिम।** ग्राम मुड़तराई कोपरा निवासी हीराबाई साहू का निधन हो गया।



उनकी अंत्येष्टि गृह ग्राम मुड़तराई में हुई। वे तिहारु साहू की धर्मपत्नी एवं राजधानी गेस्ट हाउस रायपुर के संचालक उमेश साहू व संतोष साहू की माता थी। अंतिम संस्कार में समाज तथा गांव के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

**विडंबना :** हजारों ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर, इलाज के लिए आज भी खाट और कांवर का

# वनांचल मैनपुर के दर्जनों गांवों को पक्की सड़क की दरकार, पथरीली डगर बनी विकास में रोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिला नक्सल मुक्त घोषित होने के बाद वनांचल आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों में पहुंचने के लिए अब पक्की सड़क की बेहद जरूरत महसूस की जा रही है। नक्सलवाद के चलते सड़क निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा था लेकिन अब आदिवासी बहुल्य क्षेत्र के लोगों को सड़क निर्माण को लेकर उम्मीद की किरण जगी है। क्षेत्र के डूमरघाट, लाटापारा, मोतीपानी, कोदोमाली, पायलीखंड, जांगड़ा, बरगांव, अमाड़, कंवरआमा, नारीपानी, नदीपारा, साल्हेभाठ जैसे दर्जनो ग्रामों में आज भी पक्की सड़क नहीं होने के कारण हजारों ग्रामीणों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है और तो और इनमे से अधिकांश ग्रामों तक बारिश के दिनों में राशन सामग्री भी नहीं पहुंच पाती और मरीजों को ईलाज के लिए कांवर तथा उल्टे खाट में बिठाकर लाना पड़ता है। स्कूली बच्चे जान जोखिम में डालकर स्कूल आने मजबूर होते है इसमें से कुछ सड़कों का प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बकायदा सर्वे भी हो चुका है कुछ ग्रामों तक आधा अधूरा सड़क भी निर्माण हो चुका है जहां अब जल्द सड़क निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

**सड़क के अभाव मे पहाड़ी गांव कुर्वापानी, ताराझर से मरीजों को खाट में लाते हैं-** मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के पहाड़ी के उपर बसे राजीव गांधी गोद ग्राम कुल्हाड़ीघाट के आश्रित ग्राम कुर्वापानी, ताराझर, भालुडिग्गी मे पक्की सड़क नहीं होने के कारण राशन सामग्री के लिए आज भी ग्रामीणो को मीलो पैदल दूरी तय करना पड़ता है राशन लाने ले जाने मे एक दिन का समय लग जाता है और तो और यहां किसी के बिमार होने की स्थिति में उन्हे उल्टे खाट मे बिठाकर कुल्हाड़ीघाट तक लाते है तब कही जाकर एम्बुलेंस की सुविधा मिल पाती है। इन ग्रामों के ग्रामीणों को प्रमुख मांग सड़क की है क्योंकि सड़क निर्माण नही होने के कारण इन गांवो मे स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी जैसे मूलभूत समस्याओं के लिए जूझना पड़ रहा है।

**मतदान के लिए 7 किमी पथरीली मार्ग को तय कर आते हैं-** तहसील मुख्यालय से महज 12 किमी दूर ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम डुमरघाट तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क आजादी के पांच दशक बाद भी नहीं पाया है और तो और पगडंडी सड़क में बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे जान जोखिम में डालकर ग्रामीण आना जाना करने मजबूर हो रहे है। मैनपुर से 05 किमी दूर बरदुला के बाद बोईरगांव जो छोटे-छोटे तीन पहाड़ियो पारकर पहुंचना पड़ता है इस पगडंडी कच्ची सड़क में बारिश के कारण बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। ग्रामीणों को मोटर साइकिल से आना तो दूर पैदल चलना खतरा से खाली नहीं है साथ ही गर्भवती महिलाओ एवं बीमारो को कांवर में लादकर अस्पताल तक पैदल लाना पड़ता है और तो और राशन तथा महतारी वंदन व पेंशन के लिए भी बुजुर्ग महिला पुरूषो को 07 किमी पहाड़ी रास्ता को पारकर मैनपुर आना पड़ता है यहां के ग्रामीण अमरसिंह, पलटन, हेमसागर, जयसिंह, गोपाल, दसरूराम, खगेश्वर, रामेश्वर, गोपीचंद ने गरियाबंद कलेक्टर से मांग किया है कि गांव तक पक्की सड़क का निर्माण किया जाये सड़क नही होने के कारण मिडिल स्कूल के बाद बच्चो को पढ़ाई तक छोड़ना पड़ रहा है।

**जांगड़ा सड़क निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है ग्रामीण परेशान हो रहे-** जांगड़ा, पायलीखंड क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा लंबे संघर्ष के बाद जांगड़ा तक करोड़ो रूपए की लागत से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पक्की सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था लेकिन यह निर्माण कार्य पिछले आठ माह से अधूरा छोड़ दिया गया है जबकि निर्माण कार्य अबतक पूर्ण हो जाना था लेकिन इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिसके कारण ग्रामीणों मे भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।





### सड़क के लिए होगा आंदोलन : नेताम

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लोकेश्वरी नेताम ने बताया कि मोतीपानी, कोदोमाली, झोलाराव,



लाटापारा, जांगड़ा, जुंगाड़, बरगांव, अमाड़, डूमरघाट तक पक्की सड़क निर्माण किया जाना बेहद जरूरी है इस क्षेत्र की जनता सड़क निर्माण की मांग को लेकर कई बार आंदोलन कर चुके है लेकिन इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नही देना समझ से परे है। उन्होने कहा ग्रामीणों की असुविधा को देखते हुए जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा किया जाये।



### मोतीपानी, लाटापारा, कोदोमाली तक भी नहीं है सड़क

दूरस्थ वनांचल ओड़िसा सीमा मे बसे मोतीपानी, लाटापारा, कोदोमाली, झोलाराव आदिवासी बहुल्य ग्राम है यह ग्राम ओड़िसा सीमा से लगा हुआ है जिसके कारण यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव तो बना हुआ है छोटे बड़े नदी नालो मे पुल और रपटा नही है उपर से सड़क का निर्माण नही होने के कारण इस क्षेत्र के स्कूली बच्चो को स्कूल तक पहुंचने मे भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है बारिश के दिनो मे तो चार माह पूरा गांव टापू मे तब्दील हो जाता है यहां खासकर गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक पहुंचाने मे भारी परेशानी होती है नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण यहां सड़क निर्माण कार्य नही हो पा रहा था लेकिन अब ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग शासन प्रशासन से किया है।

### निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं

जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएस नागवंशी ने बताया की कई सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका है। कई जगह सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ भी हुआ है। उन्होने कहा की समय-समय पर इन ग्रामों में सड़क निर्माण के लिए पंचायत व जनपद के माध्यम से मरम्मत कार्य करायी जाती है।

---



# पालिका में पार्षदों और व्यापारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने नगर विकास व बरसात के पूर्व नालियों की साफ-सफाई के संबंध में व्यापारियों की एक बैठक लिया जिसमें मुख्य रूप में सीएमओ मनीष गायकवाड़, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर , पार्षद गण मौजूद थे। श्री यादव ने इस अवसर पर कहा कि नगर के विकास ,साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने में व्यापारियों का बहुत बड़ा योगदान होता है। बरसात के पूर्व नालियों की साफ-सफाई हो, जिसके लिए व्यापारियों का सहयोग और समर्थन मांगा। व्यापारियों ने सहयोग करने के लिए भरोसा दिलाया तथा अपने दुकान के सामने नाली के ढक्कन को निकालने के लिए आश्वस्त किया। श्री यादव ने कहा कि नगर को व्यवस्थित और सुंदर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक एवं पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक का सौंदर्यीकरण सहित अनेको सौगात नगर को मिलने जा रहा है। बैठक में सभापति भारत यादव, आकाश सिंह राजपूत,बलराम यादव, सुरेश पटेल, तुषार कदम, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, कुलेश्वर साहू, उत्तम निषाद, यशवंत निराला, वही व्यापारियों में अरविंद गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव, अजय साहू, पवन गुप्ता, नीलम जैन, अतुल गुप्ता सहित नगर के व्यापारी मौजूद थे।

# बीजेपी छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए कई कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ गांव-गांव पहुंच रही कांग्रेस, बढ़ रहा जनसमर्थन

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे "मिशन गांव चलो अभियान" का असर अब जमीनी स्तर पर साफ नजर आने लगा है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा और पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल के मार्गदर्शन में, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रूपेश साहू की मौजूदगी में संगठन को निचले स्तर तक मजबूत करने के लिए वार्ड, बूथ और पंचायत कमेटियों के गठन की प्रक्रिया तेजी से जारी है।

कांग्रेस नेताओं की सक्रियता और ग्रामीणों से सीधे संवाद ने पार्टी के पक्ष में माहौल बनाना शुरू कर दिया है। यही वजह है कि अब बीजेपी के कई कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं, जिससे जिले की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेलर मंडल के ग्राम पंचायत देवगांव में अभियान के तहत बूथ और पंचायत कमेटी का गठन किया गया। इस दौरान बीजेपी से जुड़े महेश साहू, द्वारका साहू,



गोविंद साहू, सोनू ध्रुव, गोपेश साहू और बुधराम साहू ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। सभी को पार्टी गमछा पहनाकर स्वागत किया गया।

**आने वाले समय में बदल सकते हैं समीकरण-** अभियान के दौरान कांग्रेस पदाधिकारी लगातार गांवों का दौरा कर रहे हैं। ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान का भरोसा दिलाया जा रहा है। किसानों, युवाओं और महिलाओं के बीच पार्टी की नीतियों और योजनाओं को लेकर जागरूकता भी बढ़ाई जा रही हैं। हाल के दिनों में दर्जनों कार्यकर्ताओं के बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने की जानकारी सामने आई है। इससे जहां कांग्रेस को मजबूती मिल रही है, वहीं बीजेपी के लिए यह चिंता का विषय बनता जा रहा है। लगातार हो रहे दल-बदल से जिले की राजनीति गरमा गई है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि "मिशन गांव चलो अभियान" का उद्देश्य गांव-गांव जाकर जनता की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए संघर्ष करना है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में और भी लोग कांग्रेस से जुड़ेंगे।

**आगे बदल सकते हैं राजनीतिक समीकरण-** जिले में कांग्रेस जिस तरह से अपनी पकड़ मजबूत कर रही है, उससे आने वाले समय में राजनीतिक समीकरण बदलने की संभावना जताई जा रही है। अभियान ने दोनों प्रमुख दलों के बीच प्रतिस्पर्धा को और तेज कर दिया है।

# रसेला में ग्राम विकास समिति का पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला में बुधवार को शीतला मंदिर प्रांगण में बैठक आयोजित कर ग्राम विकास समिति, शीतला समिति, ग्राम सुरक्षा समिति, किसान कृषि समिति का भी गठन किया गया। इन समितियों का मुख्य उद्देश्य गांव की समस्याओं, अव्यवस्था, अन्याय, नशामुक्ति और नागरिक सुविधाओं का विकास करना। ग्राम विकास समिति के संरक्षक लोकराम यादव पटेल,दूखूराम यादव, परमेश्वर यादव, धनीराम यादव, वेदव्यास निषाद, रामकुमार निषाद, जिसके अध्यक्ष बिग्रेद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष कमल नायक, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, सचिव रामायण ठाकुर और राघवेंद्र यादव को सहसचिव बनाए गए हैं। इस समिति के सभी सदस्यों को वार्ड के हिसाब से दायित्व दिया गया।



जिसमें कुबेर बारिक, दुलेन्द्र नायक, ईश्वर मरकाम,भानुप्रताप, बिसेलाल, हेमलाल,भारत ठाकुर,दुर्वास कुमार,मानसिग,खूबलाल, लोकराम ध्रुव, केशर नागेश,योगराम, छबिलाल, भुनेश्वर मरकाम,लच्छन पटेल, जगदीश निर्मलकर, रामेश्वर सिन्हा, राजेन्द्र साहनी, हेमलाल यादव,पुरोषोत्तम दास, सियाराम, ईश्वर कोमर्रा, डायमंड कोमर्रा, अमरसिंह, शिवकुमार, परमेश्वर यादव, जनकराम यादव, पुरोहित यादव, ओमप्रकाश यादव, कमलनारायण यादव, भूपेंद्र जगत सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य हैं। इस तरह शीतला समिति के अध्यक्ष देवलाल बारिक, उपाध्यक्ष राकेश कोमर्रा, कोषाध्यक्ष भावसिह मरकाम सचिव चम्पेश्वर निषाद, बैगा भागवत कोमर्रा, सदस्यगण है तमेश्वर मरकाम, नाथूराम, दयाराम निषाद, धनेश्वर ठाकुर, टंकेश्वर,कसराम, प्रभुलाल कुंजाम,रेखराम,अमरू राम, कन्हैया नागेश,सदाराम निषाद,सतोष नागेश,बैशाखू राम, विश्राम ठाकुर,मानसिग, शंकर कुर्रे, गजेन्द्र नायक को रखा गया है। इस तरह ग्राम सुरक्षा समिति का सर्वसम्मति से गठन किया है। इसका मुख्य उद्देश्य गांव का समग्र विकास करने के साथ ही सामाजिक सहयोग कार्य में रचनात्मक भूमिका अदा करना होगा।

# रजत जयंती पर मनाया गया चावल उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासकीय उचित मूल्य दुकान में छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर चावल उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में लुकेश्वरी निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत, गरिमा ध्रुव सभापति, भवानी शंकर सेन वरिष्ठ नागरिक, शीतल ध्रुव समाजसेवी, सुनीता चंद्राकर, पूर्व पार्षद तुलसी राम साहू, उमेश्वरी साहू, फुलेश्वरी यादव, कामता आडिल, मनोज साहू, बजरंग पाण्डेय एवं सुबेराम साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी उपस्थित जनों ने शासन की खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की योजनाओं की सराहना करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।





**108 परिक्रमा के साथ उमड़ रहे श्रद्धालु**

# कसेरुडीह में श्रीराम चरित मानस से वातावरण भक्तिमय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

क्षेत्र के कसेरुडीह गांव में विश्व शांति व आध्यात्मिक चेतना के लिए पांच दिवसीय श्रीराम चरित मानस यज्ञ का अनुष्ठान सोमवार से शुक्रवार तक रखा गया है। प्रथम दिवस पर कलश यात्रा निकाल कर पूरे गांव को भ्रमण कराया और दीप प्रज्वलन किया वही मंगलवार से गुरुवार तक महायज्ञ व प्रवचन प्रातः काल से संध्या काल तक चला रहा है। गांव के वरिष्ठ नागरिक सेवानियुक्त शिक्षक तिजम साहू ने बताया की श्री रामचरितमानस महायज्ञ आध्यात्मिक जागृति, मानसिक शांति और सामाजिक एकता का सर्वोच्च अनुष्ठान है, जो व्यक्ति को धर्म, मर्यादा और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। 108 परिक्रमा और पाठ से स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि, और रोगों से मुक्ति मिलती है, साथ ही यह वातावरण को शुद्ध और पवित्र बनाता है। आगे कहा की यह यज्ञ मन को पवित्र करता है और ईश्वर के प्रति समर्पण भाव को बढ़ाता है। इससे मानसिक तनाव दूर होता है और आंतरिक शांति प्राप्त होती है। महायज्ञ के दौरान 108 बार परिक्रमा करने से शरीर से जुड़ी कई बीमारियां दूर होती हैं, जैसे काजू चढ़ाने से हृदय रोग में शांति और अखरोट से मानसिक चिंता से मुक्ति मिलती है। इस यज्ञ के आयोजन से घर में सुख, शांति और समृद्धि आती है। यह महाकाव्य समाज को एकता, सेवा, त्याग, करुणा और मर्यादा का पाठ पढ़ाता है। पवित्र पाठ और आहुति से बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होती है. रामचरितमानस में वर्णित यज्ञों की तरह ही, यह महायज्ञ आज के दूषित वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से परिष्कृत करता है।

### जयघोष से गुंजायमान हुआ गांव

महायज्ञ के मुख्य अनुष्ठान और उनके फायदेः माला से परिक्रमाः भक्ति प्राप्ति। तुलसी जलः मुक्ति। पुष्पः विद्या और ज्ञान। फलः जीवनसाथी और संतान प्राप्ति। दक्षिणाः धन वृद्धि।यह महायज्ञ न केवल व्यक्तिगत आध्यात्मिक उत्थान के लिए, बल्कि समाज में सकारात्मकता फैलाने का भी एक अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम है।



उक्त आयोजन में कसेरुडीह में ध्वज के साथ यज्ञ समिति व ग्राम के लोगों ने गांव भ्रमण किया। वही प्रवचन कीर्तनकार के रूप में संत श्री जगदीश प्रसाद, संत श्री चंद्रहास शरण, संत श्री बृजमोहन शरण, संत श्री नारद शरण, संत भगवत शरण, संत श्री भुनेश्वर प्रसाद द्वारा प्रवचन व कीर्तन किया जा रहा है यज्ञाचार्य महामंडलेश्वर संत श्री गोवर्धन शरण व्यास सिरकट्टी आश्रम कुटेना के द्वारा विधि-विधान के साथ पूजन किया गया। ध्वज भ्रमण में धर्म की जय हो, अधर्म की नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो, हर हर महादेव, जय श्रीराम, जय बजरंग बली आदि उद्घोष लगाए जा रहे थे। गांव भ्रमण कर यज्ञ मंडप के समीप इन्द्र ध्वज की स्थापना की गई। धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया है। इस कार्यक्रम मे मुख्य रुप से तीजम साहू,यमोला साहू, संतन साहू, मानकी साहू , सेवती साहू ओमप्रकाश साहू,मानिक साहू पूर्णिमा साहू , कृपा साहू , महेतरीन साहू सेवा राम साहू मान बाई साहू नरायण साहू, लक्ष्मीबाई साहू , फत्ते साहू तुलसी साहू शिवदयाल साहू रहे।

